एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

तनुश्री मेरी बैकबोन हैं

तुनश्री दत्ता को हाल ही में टीवी शो बेपनाह प्यार के सेट पर देखा गया, जिसमें उनकी बहन इशिता दत्ता काम कर रही हैं। बड़ी बहन तनुश्री को प्यार से दी कहने वाली इशिता ने कहा, दी कुछ साल पहले अमेरिका चली गई थीं और इसलिए वह मिलने सेट पर नहीं आ सकती थीं। पहली बार उन्होंने मुझे कैमरे के सामने परफॉर्मेंस करते देखा। वह बेहद खुश हुईं। दीदी को अच्छा समय गुजारते देखकर मुझे बहुत खुशी हुई। पूरा यूनिट उनकी मौजूदगी से खुश था और उन्हें सहज महसूस कराने की कोशिश की।

इशिता ने यह भी बताया कि कैसे तनुश्री ने उनके सपनों को पूरा करने में उनकी मदद की।

उन्होंने कहा, तनुश्री ने मुझे मेकअप करना सिखाया जबकि मैं ब्रश भी ढंग से पकड़ना नहीं जानती थी। उन्होंने मुझे तब एक्टिंग स्कूल जाने के लिए प्रोत्साहित किया, जब मैं अपने व्यक्तित्व और अभिनय को लेकर कॉन्फिडेंट नहीं थी। यहां तक उन्होंने शहर के सबसे अच्छे फोटोग्राफरों से मेरा फोटो शूट कराया। उन्होंने मुझे मेरा सर्वश्रेष्ठ करने के लिए प्रोत्साहित किया। आज मैं बड़ी फिल्मों में से एक में और शहर के बड़े टीवी प्रोडक्शन हउस में से एक में काम कर रही हूं। कई लोग नहीं जानते कि मेरी बहन मेरी बैकबोन रही है।

पिछले साल तनुश्री तब सुर्खियों में आई थीं जब उन्होंने नाना पाटेकर के खिलाफ यौन दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए खुलकर बोला था। उन्होंने कहा था कि 2008 में एक फिल्म की शूटिंग के दौरान नाना ने उनके साथ यौन दुर्व्यवहार किया था। उनके मामले के बाद भारत में हैशटैगमीटू मूवमेंट ने जोर पकड़ लिया और कई महिलाओं ने यौन उत्पीड़न संबंधी अपने बुरे अनुभव साझा किए।

ट्रोलर ने अभिषेक बच्चन को कहा बेरोजगार, ऐक्टर ने दिया करारा जवाब

ट्रोलर्स से कैसे निपटना है और उनकी बोलती कैसे बंद करनी है, यह कोई ऐक्टर अभिषेक बच्चन से सीखे। अभिषेक को अक्सर ट्रोल किया जाता रहा है। लेकिन वह भी बड़े ही बिंदास अंदाज में ट्रोलर्स की बोलती बंद करते आए हैं। हाल ही में भी कुछ ऐसा ही हुआ। दरअसल अभिषेक ने अपने ट्विटर अकाउंट पर मंडे मोटिवेशन को लेकर एक पोस्ट किया था। इस पोस्ट को आप यहां देख सकते हैं: इस पोस्ट पर एक ट्विटर यूजर ने लिखा, जो व्यक्ति मंडे (सोमवार) को भी खुश रहता है, उसे क्या कहेंगे? बेरोजगार! कॉमेंट से साफ जाहिर है कि ट्रोलर ने अभिषेक बच्चन को बेरोजगार कहा। लेकिन अभिषेक ने भी बिना आपा खोए और बोल्ड अंदाज में उसकी बोलती बंद कर दी। अभिषेक ने ट्रोलर को जवाब देते हुए ट्वीट किया, नहीं। मैं असहमत हूं। उसे बेरोजगार नहीं कहते। वह तो वो शख्स है जो वही काम करता है जो उसे करना पसंद होता है। अभिषेक इस जवाब पर ट्रोलर की बोलती बंद हुई और अन्य लोगों ने तारीफें करनी शुरू कर दीं। अभिषेक के जवाब से उनके फैन्स इम्प्रेस हो गए। फिल्मों की बात करें, तो अभिषेक अनुराग बसु की एक फिल्म में नजर आएंगे। इसके अलावा उनके पास द बिग बुल नाम की भी एक फाइनैंशल क्राइम ड्रामा फिल्म है।

पृथ्वीराज की संयोगिता के रूप में अपना ग्रैंड बॉलिवुड डेब्यू करेंगी मानुषी छिल्लर

साल 2017 की खूबसूरत मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर के बॉलिवुड डेब्यू का काफी वक्त से इंतजार किया जा रहा है। पिछले काफी वक्त से उनके बॉलिवुड डेब्यू की चर्चा सामने आ रही है लेकिन अब पता चल गया है कि मानुषी किस फिल्म से डेब्यू करने जा रही हैं। खबर है कि मानुषी को पृथ्वीराज चौहान पर आधारित फिल्म में संयोगिता के लीड रोल के लिए साइन किया गया है।

मानुषी की इस भव्य डेब्यू फिल्म को डॉक्टर चंद्रप्रकाश द्विवेदी डायरेक्ट करेंगे जिन्होंने दूरदर्शन के सीरियल चाणक्य, बॉलिवुड मूवी पिंजर और मोहल्ला अस्सी का डायरेक्शन किया है। दिवाली 2020 में रिलीज होने वाली इस फिल्म के बारे में द्विवेदी ने कहा, हमने कई युवा चेहरों का ऑडिशन लिया क्योंकि हम इसमें एक बेहद खूबसूरत भारतीय युवती को लेना चाहते थे। संयोगिता की खूबसूरती को दर्शाने के लिए हमें मानुषी परफेक्ट लगीं। उन्होंने आगे बताया कि मानुषी ने इस रोल के लिए दो बार ऑडिशन दिया और दोनों बार उन्होंने बेहतरीन ऑडिशन दिया। मानुषी पिछले 9 महीनों से लगातार इस फिल्म की तैयारी कर रही हैं और अपने किरदार के लिए हफ्ते में 6 दिन रिहर्सल कर रही हैं।

अपने इस ड्रीम डेब्यू के बारे में मानुषी ने बताया, मुझे गर्व है कि इस फिल्म के लिए मुझे चुना गया है। अभी तक मेरी जिंदगी परी कथा जैसी रही है। पहले मिस इंडिया फिर मिस वर्ल्ड और अब इस फिल्म के लिए चुने जाने पर मैं बेहद उत्साहित हूं। अपने रोल के बारे में मानुषी ने बताया कि उनके लिए राजकुमारी संयोगिता का किरदार निभाना बेहद जिम्मेदारी का काम है क्योंकि वह काफी बहादुर महिला थीं और उन्होंने अपनी जिंदगी के निर्णय खुद लिए थे। मानुषी ने कहा कि वह पूरी कोशिश करेंगी कि इस किरदार को अच्छी तरह से निभाएं।

साइना नेहवाल बायॉपिक की शूटिंग के दौरान परिणीति को लगी चोट

परिणीति चोपड़ा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म की तैयारी कर रही हैं। यह फिल्म टेनिस प्लेयर साइना नेहवाल की बायॉपिक है। परिणीति लंबे वक्त से फिल्म के लिए जबरदस्त ट्रेनिंग कर रही हैं। ट्रेनिंग के बाद की एक तस्वीर उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की।

इस तस्वीर में वह पीठ करके बैठी हुई हैं और गर्दन पर बैंड-एड लगाया हुआ है। वजह? फिल्म की ट्रेनिंग के दौरान वह घायल हो गईं। उन्होंने फोटो के साथ लिखा है, मैं और साइना की पूरी टीम बहुत ध्यान रख रहे हैं कि मुझे कोई चोट न ले लेकिन शिट हैपेन्स! दोबारा बैडमिंटन खेलना शुरू कर सकूं इससे पहले मैं जितना हो सकेगा रेस्ट करूंगी।

बता दें कि इससे पहले इस फिल्म में साइना का रोल श्रद्धा कपूर निभा रही थीं। लेकिन कुछ प्रफेशनल कमिटमेंट्स और व्यस्तता के चलते उनकी जगह परिणीति को लेना पड़ा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्हें कोच इशान नकवी ट्रेनिंग दे रहे हैं। इस फिल्म के अलावा परिणीति द गर्ल ऑन द ट्रेन के हिंदी रीमेक में नजर आएंगी।